एक नजर

तालाब में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप



महमूदाबाद (सीतापुर)। तीन दिन से लापता युवक का शव गांव से बाहर तालाब में सोमवार की सुबह उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। परिजनों ने आठ दिन पूर्व चौराहे पर मामूली कहासुनी के बाद रंजिश में हत्या कर तालाब में फेंक देने का आरोप लगाते हुए तीन के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस केस दर्जकर मामले मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के फत्तेपुरवा के पिंटू भार्गव (20) पुत्र इंदल 30 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छह बजे घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं आया। पूरी रात खोजबीन के बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर पिंटू को गुमशुदा होने की तहरीर दी। गुमशुदगी दर्जकर पुलिस लापता के तलाश में जुटी थी। एसबीच सोमवार की सुबह गांव के उत्तर फत्तेपुरवा चौराहे के निकट स्थित तालाब में शव उतराता देखा गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सदरपुर आशुतोष मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थानगांव विमल गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। मृतक के पिता इंदल के मुताबिक 24 अक्टूबर को फत्तेपुरवा चौराहे पर मामूली कहासुनी को लेकर देशी शराब ठेका फत्तेपुरवा के सेल्समैन मोतीलाल पुरवा के अंकित, कन्हईपुरवा के पम्मू व लवकुश ने पिंटू को मारापीटा था और जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है मारपीट के बाद से ही आरोपियों द्वारा असलहे लेकर पिंटू को ढूढा जा रहा था और इन लोगों ने ही उसे मारकर तालाब में फेंक दिया। सीओ कपूर कुमार ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मृतक के पिता इंदल व भाई से वार्ता कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने बताया कि मृतक के पिता इंदल की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ गुमशुदगी में हत्या की धारा की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

किसान ने डीएम से की शिकायत

महमूदाबाद (सीतापुर)। फसल बीमा योजना के तहत क्षतिग्रस्त धान की फसल का मुआवजा नहीं मिलने पर किसान ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। किसान ने लेखपाल पर अभद्र व्यवहार करने और कागजात गुम करने का आरोप लगाया है। लालापुरवा के हरगोविंद वर्मा पुत्र रामपाल ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायत में बताया है कि वह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का सदस्य हैं। बाढ़ में उसकी धान की फसल बर्बाद हो गई थी। इसके बाद उन्होंने फसल बीमा योजना के तहत राहत अनुदान के लिए लेखपाल को आवश्यक कागजात दिए थे, लेकिन उसे अब तक फसल नुकसान की मुआवजा राशि नहीं मिली। किसान का आरोप है कि फोन पर संपर्क करने पर लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने कागजात गुम होने की बात कही। पोर्टल बंद होने के बाद 31 अक्टूबर को दोबारा खुलने पर संपर्क किया तो लेखपाल ने अभद्र व्यवहार किया। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि प्रकरण की जानकारी मिली है, जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर सभासद आरती जायसवाल सम्मानित

गोसाईगंज.अयोध्या। अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जायसवाल को बधाई देने का सिलसिला जारी है इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य राधेश शास्त्री रविवार शाम उनके आवास पर पहुंचे और शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने आरती जायसवाल के उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और भी ऊंचे पद पर आसीन होने का आशीर्वाद दिया इस अवसर पर आचार्य राधेश शास्त्री ने क्षेत्र के विकास और जनहित में सभासद द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना की। समाज के प्रति समर्पणए जनसेवा की भावना और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना ही जनप्रतिनिधि की वास्तविक पहचान है।वहीं आरती जायसवाल ने आचार्य राधेश शास्त्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला सम्मान और आशीर्वाद जनसेवा के प्रति उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। वह भविष्य में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्रवासियों के हित में कार्य करती रहेंगी।

मोपेड अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त 21 वर्षीय युवक की मौत

कुमारगंज.अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के पूरे तोर बरौली गांव निवासी 21 वर्षीय अखिलेश जायसवाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार अखिलेश सोमवार को बहादुरगंज बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर मोपेड से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी मोपेड अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गयाए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। युवा अखिलेश की असामयिक मौत से गांव में भी शोक की लहर है।

निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस कराने की मांग

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा के तारुन क्षेत्र में शिव कुमार वर्मा पर हुए जानलेवा हमले और उसके विरोध में प्रदर्शन करने वालों पर दर्ज मुकदमों का मामला फिर गरमा गया है। पुलिस कार्रवाई से नाराज पीड़ित पक्ष और कुर्मी समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉण् सर्वेश वर्मा से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि हमले के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर आश्वासन के बावजूद क्रॉस एफ्आईआर दर्ज कर दी गई। हाल ही में न्यायालय से 35 लोगों को नोटिस जारी होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इनमें कई लोग घटना के दिन मौके पर मौजूद भी नहीं थे।

जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर कंपोजिट का किया औचक निरीक्षण



परसेण्डी (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकासखण्ड परसेण्डी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर कंपोजिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय जर्जर अवस्था में पाए गए तथा पेयजल व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली तथा पानी की टंकी एवं टोंटियों में पानी उपलब्ध न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रधानाध्यापक श्रीमती मंजू वंदना से जवाब मांगा। जिस पर प्रधानाध्यापक द्वारा जवाब सन्तोषजनक न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्ति। कंपोजिट ग्रांट से आवश्यक कार्य न कराए जाने पर प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने रसोईघर पहुंचकर भोजन हेतु प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता को परखा, जिसकी गुणवत्ता पूर्ण नहीं पायी गयी। प्रधानाध्यापक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि ग्राम प्रधान (प्रशासक) द्वारा सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। जिस पर ग्राम प्रधान (प्रशासक) को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। विद्यार्थियों की उपस्थिति कम मिलने तथा अधिकांश बच्चों के बिना यूनिफॉर्म एवं जूते के विद्यालय आने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कम से कम 90 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देष दिये कि सभी बच्चों का यूनिफॉर्म एवं जूते पहनकर विद्यालय आना सुनिश्चित किया जाये। अभिभावकों से संबंधित अभिलेख एवं रजिस्टर अपूर्ण पाए जाने पर प्रधानाध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा कंप्यूटर संचालन में संतोषजनक दक्षता नहीं पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रधानाध्यापक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय में पेयजल, शौचालय, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं यूनिफॉर्म संबंधी आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त होने तक प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाये।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी बेसिक विद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा शिक्षण कार्य एवं विद्यालय व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

तालाब में उतराया मिला तीन दिन से लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता युवक का शव सोमवार सुबह तालाब में उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने का आरोप लगाते हुए तीन स्थानीय लोगों के खिलाफकार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, सदरपुर थाना क्षेत्र के फत्तेहपुरवा (मजरा कंजखेड़ा) निवासी मंटू बीते 30 अक्टूबर की शाम अचानक लापता हो गए थे। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी काफी तलाश की। रिश्तेदारियों और आसपास के गांवों में खोजबीन के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने सदरपुर थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार 2 नवंबर की सुबह करीब सात बजे फत्तेहपुर गांव के पास स्थित एक तालाब में मंटू का शव उतराता दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मंटू के रूप में की। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गमगीन परिजनों ने मंटू की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि 30 अक्टूबर की शाम शराब के ठेके के पास कुछ लोगों से मंटू का विवाद हुआ था। परिवार का आरोप है कि इसी रंजिश में उनकी हत्या कर दी गई और साक्ष्य छिपाने के इरादे से शव तालाब में फेंक दिया गया। मृतक के परिजनों ने तीन स्थानीय लोगों को नामजद करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक अपनी मांग पर अड़े रहे। वहीं, पुलिस टीम परिजनों को समझाने और शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी करने के प्रयास में जुटी रही।फिलहाल युवक की मौत के पीछे की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

पागल कुत्ता के काटने से कई घायल

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में पागल कुत्ता द्वारा जानवर सहित कई लोगों को काटकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलोली नानकारी में बीती रात कई जानवरों को एक पागल कुत्ता द्वारा काट कर घायल कर दिया गया। वहीं सोमवार सुबह ग्राम निवासी राज बहादुर पुत्र सियाराम चेतराम पुत्र सियाराम नरेंद्र पुत्र मूलचंद श्री प्रकाश पुत्र बजलाल संत सरन राम अकवाल, राम सेवक पुत्र मनोहर, कांति देवी पत्नी अमित कुमार तथा मैनेजर को काटकर घायल कर दिया। जिनका उपचार चल रहा है।

सीतापुर के प्राचीन तुण्डारे बाबा मंदिर के संरक्षण कार्य का शुरू



सीतापुर/लखनऊ। हाई कोर्ट के अधिवक्ता एवं विरासत संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद मोहम्मद हैदर रिज़वी के सतत प्रयास रंग लाए हैं। जनपद सीतापुर के महमूदाबाद तहसील स्थित ऊँचगाँव में अवस्थित प्राचीन तुण्डारे बाबा मंदिर जो वर्षों से उपेक्षा अतिक्रमण, झाड़ियों और उपेक्षा का शिकार था।उसके संरक्षण की प्रक्रिया आज से प्रारम्भ हो गई है।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई द्वारा आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर वैज्ञानिक साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार यह स्थल 1955-56 के उत्खनन में प्रकाश में आया था तथा इसके पुरातात्विक महत्व को देखते हुए एएसआई ने संरक्षण संबंधी कार्रवाई प्रारम्भ की है। श्री रिज़वी ने बताया कि खैराबाद, सीतापुर के मक्का दर्जी स्मारक के संरक्षण प्रयासों के दौरान उन्हें इस भूले-बिसरे स्मारक की जानकारी मिली थी।इसके बाद उन्होंने लगातार पत्राचार, जनप्रतिनिधियों से संवाद एवं सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी उपयोग के माध्यम से विषय को संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाया।उनके अनुसार विरासत का संरक्षण केवल प्राचीन ईंटों और पत्थरों को बचाना नहीं, बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक स्मृतियों, इतिहास और सामाजिक सौहार्द को सुरक्षित रखना है। मुस्लिम होने के बावजूद मंदिर को संजोने का प्रयास करने वाले अधिवक्तासैय्यद मोहम्मद हैदर रिज़वी ने कहा कि देश की संस्कृति और विरासत को बचाने में धर्म आड़े नहीं आना चाहिए।उन्होंने आशा व्यक्त किया कि तुण्डारे बाबा मंदिर का संरक्षण न केवल क्षेत्र की गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान देगा,बल्कि समाज में एकता, सद्भाव, भाईचारे और साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

बाइक और लूटी गई माला बरामद

अयोध्या। रुदौली कोतवाली पुलिस ने महिला के गले से मटर माला छीनकर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और पीली धातु की मटर माला बरामद की है।पुलिस के मुताबिकए बीते 30 अक्टूबर को भेलसर अंडरपास के पास एक महिला के गले से मटर माला छीनकर आरोपी फरार हो गया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नवंबर की रात करीब 9रू05 बजे गुलचप्पा मोड़ स्थित कस्तूरबा स्कूल के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

हाईवे फुटपाथ पर अतिक्रमण चला पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर



निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद हाईवे किनारे फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को पीडब्ल्यूडी ने अभियान चलाया। अवर अभियंता आरबी सरोज की मौजूदगी में विभागीय टीम ने टिकैतगंज कस्बे में नाले और डामर सड़क के बीच बनी इंटरलॉकिंग से अस्थायी कब्जे हटवाए। साथ ही दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

बताया गया कि हाईवे चौड़ीकरण के बाद राहगीरों की सुविधा के लिए फुटपाथ और इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया गया था, लेकिन धीरे-धीरे दुकानदारों ने उस पर कब्जा कर लिया। इससे राहगीरों को सड़क पर चलना पड़ता है और जाम की समस्या भी पैदा होती है। स्थानीय लोगों ने अभियान को नियमित रूप से जारी रखने की मांग की है।

एक नजर

खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आया जल जीवन मिशन, बहाल की जलापूर्ति

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत गढ़िया में पेयजल समस्या को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद जल जीवन मिशन के अधिकारी हरकत में आए। सोमवार को अधिशासी अभियंता अमित कुमार के निर्देश पर विभागीय टीम ने पाइपलाइन का लीकेज ठीक कर जलापूर्ति बहाल करा दी।गौरतलब है कि पाइपलाइन में लीकेज के चलते इंटरलॉकिंग सड़क पर लगातार पानी बह रहा था। वहीं, अनियमित जलापूर्ति से ग्रामीण परेशान थे। इस समस्या को शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर का संज्ञान लेकर विभाग ने मरम्मत कराई, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान होने पर संतोष जताया

देवा मेले में पर्णिका श्रीवास्तव की कथक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पर्णिका श्रीवास्तव और उनकी टीम ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शास्त्रीय कथक और सूफी कथक का मनोहारी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्णिका श्रीवास्तव की पारंपरिक कथक प्रस्तुति **तराना** से हुआ। इसके बाद पर्णिका ने श्वेता गुप्ता, कृति और अदिति के साथ सूफी कथक की प्रस्तुतियां दीं। कुल तीन प्रस्तुतियों में कलाकारों ने सधे हुए पदसंचालन, आकर्षक मुद्राओं, लयकारी और भावाभिव्यक्ति से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। सुर, लय और आध्यात्मिक भावों के अनूठे मेल ने सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा-बिसवां मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से दोनों की जान चली गई। जबकि हादसे के बाद पिकअप भी सड़क किनारे पलट गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे रेउसा-बिसवां मार्ग पर सीताराम पुरवा के पास हुआ। थानगांव थाना क्षेत्र के रंगवा गांव निवासी 20 वर्षीय सुशील और 17 वर्षीय सूरज एक ही बाइक से अपने ननिहाल गोधनी सरैंया जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी रेउसा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची रेउसा पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसम्बर को

सीतापुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के आदेशानुसार आलोक यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह जानकारी दी गयी कि जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, जनपद न्यायालय प्रांगण सीतापुर में तथा जनपद के समस्त वाह्य न्यायालय व समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें वादकारी तथा अधिवक्तागण निस्तारण योग्य वादों का निस्तारण करा सकेगें। आलोक यादव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक, शमनीय वाद, धारा-138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), बैंक के प्रीलिटिगेशन वाद तथा अन्य सम्यक विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

गांव-गांव पहुंची अरिजय चौधरी की जनसमाधान पदयात्रा

मानपुर (सीतापुर)। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के उद्देश्य से अरिजय चौधरी की जनसमाधान पदयात्रा गांव-गांव पहुंच रही है। पदयात्रा के तीसरे दिन सोमवार को ग्राम मानपुर से शुरू होकर सुरेशपुर, इटदहा, रमईपुर, बत्रीखरैला, भुडकुण्डी, कामापुर होते हुए महराजनगर में संपन्न हुई। इस दौरान मानपुर से महराजनगर तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च किया गया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में समर्थकों और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा के दौरान अरिजय चौधरी ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों को समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों से संवाद स्थापित करना इस पदयात्रा का प्रमुख उद्देश्य रहा।

कार्यालय सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी- सीतापुर

पत्र संख्या-भ-71/भ-73/2026 **दिनांक- 30 अक्टूबर 2026**

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में मानक मद 29 अनुरक्षण (विशेष मरम्मत) के अन्तर्गत वाहिनी आवासीय व्यवस्था के अन्तर्गत टाइप प्रथम ब्लाक-06 के आवासों में बाहर की तरफप्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई पुताई सम्बन्धित 32 कार्य एवं उप सेनानायक आवास की छत मरम्मत के 06 कार्यों से सम्बन्धित कार्य होने हैं। जिनकी निविदा दिनांक 12-11-2026 को आमंत्रित की गयी है। इच्छुक ठेकेदार टेण्डर दिनांक 11-11-2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 17:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निहित शर्तों के तहत निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक ठेकेदार निविदा के समय निविदा की शर्तें का पालन करेंगे तथा अपने साथ आयकर रिटर्न, रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाण पत्र एवं ठेकेदारी रजिस्ट्रेशन साथ लेकर आयेंगे। उक्त प्रपत्र निविदा के साथ समक्ष अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जायेगा।

सेनानायक
27वीं वाहिनी पीएसी
सीतापुर

पीएम के मन की बात में आरोग्य मंदिरों की वाह-वाही, बाराबंकी के निंदूरा में ताले लटके, मरीज भटके



(अमित गुप्ता)

बाराबंकी निंदूरा। ब्लॉक से ग्राउंड जीरो रिपोर्ट एक तरफ दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के 139वें एपिसोड में देश के 1.90 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को पंचायतों का वेलनेस सेंटर बता कर वाह-वाही कर रहे हैं, दूसरी तरफ बाराबंकी के निंदूरा ब्लॉक में उन्हीं मंदिरों पर ताले लटके हैं। अंदर दवा नहीं, बाहर मरीज भटक रहा है। **पीएम बोले** – गांव में जांच हो रही है, निंदूरा बोला – केंद्र खुल ही नहीं रहाप्रधानमंत्री ने कहा – अब गांव के लोग नियमित जांच कराने लगे हैं।बाराबंकी के निंदूरा में हकीकत – करीब 26 आरोग्य मंदिर, पर आधे पर ताला। हमारी पड़ताल में जो मिला, वह सरकार के दावे की पोल खोलता है –1. महोलिया – बढ़ाई डीह* ग्रामीण मुलायम सिंह, महेश, रामविलास, कैलाश बोले – यह केंद्र खुलता ही नहीं दिखता। बना है तो सिर्फ दीवार के लिए।2. **चकिया*** ग्रामीण पप्पू, अनिल, जीवन, सुखलाल के अनुसार – पहले 10 दिन में एक बार खुलता था, अब एक महीने से पूरा बंद है। बीमार हो तो 15 किलोमीटर घुंघटेर जाओ।3. बहरौली **जहांगीराबाद और अलादात पुर*** दोनों केंद्र बंद। ग्रामीण बोले – ताला लगा है, सीएचओ का पता नहीं।**4. कतुरीकला*** यहां तैनात सीएचओ ने खुद फोन पर बताया – हम एक महीने से हड़ताल पर हैं। स्थायी करने और इंसेंटिव की मांग पूरी नहीं हो रही। इसलिए केंद्र बंद है।**अधीक्षक का कबूलनामा – हां, केंद्र बंद हैं** सीएचसी घुंघटेर की अधीक्षक डॉ. आरती वर्मा ने माना – निंदूरा में 26 आरोग्य मंदिर हैं। बैनाटीकरहार, चकिया, घुंघटेर में पद खाली हैं। सीएचओ हड़ताल पर हैं, इसलिए संचालन प्रभावित है।**सवाल यह है** – हड़ताल एक महीने से है, तो वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं?**मन की बात वर्सेज जन की बात**पीएम के मन में आरोग्य मंदिर वेलनेस सेंटर हैं, पर निंदूरा के जन के लिए यह *बीमार सेंटर* बन गए हैं।– उद्देश्य था – गांव में ही बीपी, शुगर, प्राथमिक उपचार मिले।– हकीकत – गांव वाले झोला छाप डॉक्टर के पास जा रहे हैं, लाखों का इलाज बाहर करा रहे हैं।कागजों पर 26 केंद्र चल रहे हैं, धरातल पर 26 केंद्रों पर ताले।**कौन जिम्मेदार?**सीएचओ अपनी मांग पर अड़े हैं, अधिकारी हड़ताल का बहाना लेकर बैठे हैं, और बीच में पिस रहा है – निंदूरा का गरीब मरीज, जिसने टीवी पर सुना था कि मोदी जी ने उसके गांव में अस्पताल खोल दिया है।

रामनगर में राम वनवास पर छलके आंसू - जब राम ने राजपाट ठुकराया, पंडाल रो पड़ा



रामनगर, बाराबंकी। आदर्श नगर पंचायत रामनगर में चल रही श्रीराम कथा में कल रात वो घड़ी आई, जिसने हर आंख को भिगो दिया। व्यासपीठ से जब अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने *श्रीराम वनवास प्रसंग* सुनाया, तो लगा जैसे अयोध्या का वह दृश्य आज रामनगर में उतर आया हो। **महाराज ने कहा** –राम के पास सब कुछ था... राजगद्दी, मुकुट, अयोध्या का सिंहासन। एक पिता का वचन आया, और राम ने पल भर में सब छोड़ दिया। उन्होंने सोचा नहीं कि लोग क्या कहेंगे, उन्होंने सोचा – पिता का वचन बड़ा है, कुल की मर्यादा बड़ी है। इस एक वाक्य पर पूरा पंडाल सन्न रह गया। फिर तीन मूर्तियां आंखों के सामने आ गईं **माता कौशल्या का धैर्य** – बेटा राजा बनने जा रहा था, खबर आई – वन जा रहा है। माता का कलेजा फटा, पर मुंह से आशीर्वाद निकला – जा बेटा, पिता का मान रख।🙏 महाराज जी बोले – यह धैर्य आज की माताओं को सीखना होगा। **सीता का त्याग** – महलों की रानी, सोने की थाली में खाने वाली, बोली – जहां राम, वहां सीता। कथा सुनते-सुनते पंडाल में बैठी महिलाओं की आंखें भर आईं। **लक्ष्मण का समर्पण** – भाई के लिए सब कुछ छोड़ देना... लक्ष्मण ने सिखाया – भाई सिर्फ खून का रिश्ता नहीं, कर्तव्य है।महाराज जी ने भावुक स्वर में कहा – शुभ काम को कभी टालो मत। राम को वनवास टालना होता तो टाल सकते थे, पर उन्होंने नहीं टाला। क्योंकि जो काम धर्म का है, उसे कल पर मत छोड़ो। और हर हाल में प्रसन्न रहो, राम वन में भी प्रसन्न थे, महल में भी प्रसन्न थे।कथा सुनते-सुनते कई बुजुर्ग फफक पड़े। एक बुजुर्ग बोले – आजकल पिता के एक वचन के लिए बेटा घर छोड़ता नहीं, कोर्ट चला जाता है। राम ने राज छोड़ दिया।इस अवसर पर भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित, निखिल, पूरन, श्रवण पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी की आंखों में आंसू थे, और होंठों पर एक ही बात – धन्य है राम, धन्य है वो वनवास। रामनगर में रामकथा अब कथा नहीं रही, परिवार को जोड़ने का सत्संग बन गई है।